18 हजार महिलाएं चलाएंगी ई-रिक्शा

मिशन शक्ति

राब्यू, जागरण• लखनऊ : मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी कदम बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 18 हजार महिलाओं को ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण दिलाए जाने के साथ ही उनके डीएल (ड्राइविंग लाइसेंस) बनवाए जाने की पहल की गई है। प्रशिक्षण के लिए 10वीं पास 18 से 40 वर्ष आयु की महिलाओं का चयन किया गया है। महिलाओं को सस्ती ब्याज दरों पर ई-रिक्शा दिलाने के साथ ही सरकार की ओर से 49,500 रुपये की सब्सिडी भी मिलेगी। एमएसएमई (मध्यम, लघु व सूक्ष्म उद्यम) विभाग ने यूपीकान के माध्यम से हर जिले में 250 महिलाओं को चयनित कर उनका चरणवार प्रशिक्षण शुरू कराया है। रक्षा बंधन पर प्रशिक्षण केंद्रों पर विशेष कार्यक्रम भी होंगे।

यूपीकान के एमडी प्रवीण सिंह के अनुसार मिशन शक्ति योजना के तहत ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत हर जिले से 250 महिलाओं को चयनित कर उन्हें ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यातायात नियमों की जानकारी भी दी जा रही है। योजना के तहत महिलाओं को पिंक ड्रेस व सेफ्टी किट भी प्रदान की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया गया। पहले चरण में 56,200 महिलाओं (हर जिले में 750 महिलाएं) को छह दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। इसके तहत तीन दिन उन्हें कार्य स्थल से जुड़ी सुरक्षा व आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया और तीन दिन उन्हें उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।